लाखों के भाग जगे

लाखों के भाग जगे मेरे बाबा के इशारे से,
खाली ना गया कोई मेरे श्याम के द्वारे से,

तेहरीर ये बदल देता तस्वीर बदल देता,
पल में बद किस्मत की तकदीर बदल देता,
दौड़ा चला आता है,एक बार पुकारे से,
खाली ना गया कोई मेरे श्याम के द्वारे से,

जिसके मन मंदिर में तेरी जोत निराली है,
हर दिन है वहां होली हर रात दिवाली है,
जो मांग न है मांगो हारे के सहारे से,
खाली ना गया कोई मेरे श्याम के द्वारे से,

विक जाता मोल बिना ये भाव तराने में,
लहराए बसंत छठा पतझड़ वीराने में,
बन जाते रंक राजा इक बार निहारे से,
खाली ना गया कोई मेरे श्याम के द्वारे से,

करुणा का सागर है कहती दुनिया सारी,
पल में भंगार भरे कलयुग का अवतारी,
बृजवासी किशन जीवन मेरा श्याम सहारे से,
खाली ना गया कोई मेरे श्याम के द्वारे से,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/7072/title/laakho-ke-bhaag-jage-baba-ke-ishare-se-khali-na-geya-koi-mere-shyam-ke-dware-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |